# प्रेस नोट थाना काँट
# जनपद शाहजहाँपुर

**सराहनीय कार्य दिनांक- 08.09.2025**

**थाना काँट पुलिस टीम द्वारा कुल 69,500 रूपयों के कूटरचित करेंसी नोट (500 रूपये के 129 व 200 रूपये के 25 कूट रचित करेंसी नोट) सहित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शराब एंव अवैध शस्त्र, मादक पदार्थ/जाली करेंसी का कारोबार करने वाले क्रियाशील एंव चिन्हित किये गये अपराधियों, वांछित एंव वारंटी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एंव अपराध की रोकथाम के परिपेक्ष्य मे प्रचलित अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी सदर महोदय के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक थाना कांट के नेतृत्व में थाना काँट पुलिस टीम को बडी कामयाबी मिली।

दिनांक 08.09.2025 को थाना काँट पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त साहिल हसन उर्फ सन्ने पुत्र महसर अली उम्र करीब 35 वर्ष नि0 ग्राम ऊनकला, थाना निगोही, जनपद शाहजहाँपुर को ददरौल मोड से करीब 100 मीटर की दूरी से 500 रूपये के 129 कूट रचित करेंसी नोट व 200 रूपये के 25 कूटरचित करेंसी नोट सहित गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना काँट पर मु0अ0सं0 420/25 धारा 179/180 बीएनएस पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**

साहिल हसन उर्फ सन्ने पुत्र महसर अली उम्र करीब 35 वर्ष नि0 ग्राम ऊनकला, थाना निगोही, जनपद शाहजहाँपुर।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण**

मु0अ0सं0 420/25 धारा 179/180 बीएनएस थाना काँट, जनपद शाहजहाँपुर।

**गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान**

दिनांक 08.09.2025, ददरौल मोड से करीब 100 मीटर की दूरी पर

**बरामदगी का विवरण**

500 रूपये के 129 कूट रचित करेंसी नोट व 200 रूपये के 25 कूटरचित करेंसी नोट (कुल 69,500 रुपयों के कूटरचित नोट )

**पूछताछ का विवरण**

अभियुक्त ने पूछने पर बताया गया कि साहब मै गरीब आदमी हूं। मैं दिल्ली मे रहकर जीन्स की कटिंग का काम करता हूं। दिल्ली में ही मेरी मुलाकात फाजिल पुत्र अनवर अली नि0 ग्राम कुटरा, जनपद कासगंज से हुई थी। फाजिल ही मुझे नकली नोट देता है जिन्हें, मैं जनता के बीच चला देता हूँ। मैनें फाजिल से 50,000 रूपये के बदले 1,00,000 रूपये के नकली नोट लिये थे। उक्त रूपये लेकर मैं दिनाँक 03/09/25 को दिल्ली से वापस शाहजहाँपुर आ गया। एक लाख रूपयों के नकली नोटों में से मैनें 30,500 रूपये जनता के बीच चला दिये है। शेष नोटो को मैं आज काँट में चलाने आया था कि आप लोगों ने मुझे पकड लिया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

उ0नि0 पंकज कुमार सिंह
हे0का0 240 मौ0 सलीम
हे0का0 338 जुबेर बेग
हे0का0 147 अशोक भदौरिया